## सार-समाचार

### जिम ट्रेनर ने फेसबुक से दोस्ती कर फंसाया प्रेमजाल में, शादी का वादा कर ठगे लाखों

**इन्दौर ।** खुद को जिम ट्रेनर बता निजी कंपनी में कार्यरत एक महिला से फेसबुक पर दोस्ती कर उससे दो लाख से ज्यादा ठगने वाले ठगोरे युवक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामला मल्हारगंज थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम प्रथम खन्ना है उसने महिला से फेसबुक पर पहले दोस्ती की फिर प्रेमजाल में फंसा निजी तस्वीरों के आधार पर धमकाकर लाखों रुपए ले लिए। मामले में पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि प्रथम ने फेसबुक पर दोस्ती के बाद, शादी का प्रस्ताव रखा और भरोसा जीतने के बाद पैसों की मदद मांगना शुरू कर दिया। महिला ने शुरुआत में आरोपी को ऑनलाइन कुछ रकम भेजी थी, जिसे आरोपी ने वापस लौटा दिया। इससे उसको उस पर पूरा भरोसा हो गया। इसी दौरान उसने उससे उसकी निजी तस्वीरें भी मांगीं, जिन्हें महिला ने विश्वास में आकर भेज दीं। इसके बाद आरोपी अलग-अलग जरूरतों का हवाला देकर महिला से लगातार पैसे मांगता रहा। आरोपी ने दो लाख रुपए महिला से ले लिए। जब महिला ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी ने इनकार कर दिया। जिसके बाद उसने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### दिल्ली पुलिस की इंदौर में छापामार कार्रवाई, कॉल सेंटर से छः आरोपियों को किया गिरफ्तार, मामला फारेक्स ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की ठगी का

**इन्दौर ।** फारेक्स ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलवाने के नाम पर दस लाख की ठगी के मामले में दिल्ली पुलिस ने इन्दौर के आरएनटी मार्ग स्थित एक काल सेंटर पर दबिश दे छः आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम किर्तिक अग्रवाल, राजा अग्रवाल, हर्ष, निखिल, दीपक और विपिन है। डीसीपी पश्चिम विहार दिल्ली पुलिस के अनुसार एक व्यापारी से फारेक्स ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलवाने के नाम पर दस लाख की ठगी करने के मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की तो पता चला कि ठगों की लोकेशन इंदौर के आरएनटी मार्ग की है। इस पर एक टीम यहां आई और बीजेबी ग्लोबल नामक कॉल सेंटर पर छापा मारकर उक्त छः आरोपियों को गिरफतार किया पुलिस के अनुसार छापे के दौरान वहां 41 लोग थे। जिसमें 35 महिलाएं थीं। पुलिस ने यहां से 47 मोबाइल फोन, कई लेपटॉप और कम्प्यूटर जब्त किए है। पुलिस के अनुसार व्यापारी को निवेश के नाम पर आरोपियों ने चार माह तक उलझाए रखा और उसको फर्जी प्रॉफिट दिखाया लेकिन जब घाटा दिखाया तो उसने पैसे निकालने का प्रयास किया तब इस ठगी का खुलासा हुआ। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है कि इस गिरोह ने देश भर में और कितनी ठगी को अंजाम दिया है।

### शराब के लिए युवकों का बहाया खून

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** चोइथराम मंडी क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर बदमाशों ने उत्पात मचाते हुए एक के बाद एक चार युवकों को चाकू मारकर घायल कर दिया और भाग निकले। बुधवार की रात हुई इस घटना में पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं हमले में घायल युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायलों के नाम अरूण पिता राजू(×1), सुनिल पिता बाबूलाल(25),रंजीत पिता गणेश(28) और सूरज पिता बाबूलाल (26) हैं। चारों को घायल को उपचार के लिए एमवाय अ स्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे कमल ने बताया कि वह चोइथराम मंडी में ठेकेदारी का काम करता है और चारों युवक उसके यहां मजदूरी करते हैं। रात को सभी दुकान पर बैठे हुए थे। इसी दौरान पांच सात बदमाश वहां पहुंचे और शराब पीने के लिए रूपए मांगने लगे।

युवकों ने रूपए देने से इनकार कर दिया तो दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू निकालकर चारों युवकों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा तफरी मच गई। आसपास के लोग जमा होने लगे तो आरोपी मौके से भाग निकले।

घटना के बाद घायल युवकों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। डाक्टरों के मुताबिक युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर पुलिस भी पुलिस पहुंची और घायलों के बयान दर्ज किए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैरमों के फुटेज खंगाल रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी क्षेत्र के ही रहने वाले हो सकते हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### नशा करने से रोका तो भेजनालय में मचाया हंगामा, तोड़फोड़




**इंदौर (नगर संवाददाता)।** गांधी नगर क्षेत्र में भोजनालय संचालक के द्वारा नशा करने से रोकने पर आरोपियों ने हंगामा कर मारपीट की और होटल में तोडफोड़ कर दी। पुलिस के मुताबिक नया बसेरा निवासी विकास चौहान पिता श्याम चौहान की शिकायत पर आदित्य भाटी और सोनू वर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। विकास ने पुलिस को बताया कि उसका दिलीप नगर क्षेत्र में भोजनालय है। आरोपियों ने वहां बैठकर नशा करना शुरू कर दिया था। जब उन्हें ऐसा करने से मना किया गया तो वे भड़क गए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने विकास के साथ मारपीट की। इसके बाद भोजनालय में तोडफोड़ कर सामान में नुकसान पहुंचाया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

#### यहां बाइक फोड़ी, घर के दरवाजे तोड़े

इसी प्रकार गांधी नगर क्षेत्र में ही बाइक पार्किंग को लेकर भी विवाद का मामला सामने आया है। अरिहंत नगर निवासी आयुष चावड़ा पिता नरेंद्र चावड़ा(19) की शिकायत पर पुलिस ने विवेक राजोरे और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आयुष ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ मकान के पार्किंग एरिया में बाइक खड़ी कर रहा था। इसी बात को लेकर आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने आयुष और उसके दोस्त के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं आरोपियों ने उसका मोबाइल फोन फेंक दिया और बाइक में तोडफोड़ कर नुकसान पहुंचाया। घर के दरवाजे में भी तोडफोड़ की गई। दोनों मामलों में गांधी नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गुलमोहर कॉम्प्लेक्स में विस्थापितों को बसाने का विरोध तेज

## आईडीए के खिलाफ प्रदर्शन के बीच पहुंचे विधायक रमेश मैंदौला, आज से धरना शुरू करने की चेतावनी

**इंदौर (नवीन मौर्य)।**

इन्दौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) द्वारा गुलमोहर कॉम्प्लेक्स में विस्थापितों को बसाने के निर्णय के खिलाफ स्थानीय रहवासियों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। अब इस विरोध को पूरे क्षेत्र का व्यापक जन समर्थन मिलने लगा है।

गुलमोहर कॉम्प्लेक्स के निवासियों के साथ ही पास की अमलतास कॉलोनी और योजना क्रमांक-136 के रहवासी भी इस फैसले के खिलाफ मैदान में उतर आए हैं। बुधवार सुबह गुलमोहर कॉम्प्लेक्स के सामने बड़ी संख्या में एकत्रित हुए लोगों ने इंदौर विकास प्राधिकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया।

क्षेत्र में बढ़ते जनाक्रोश और तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए स्थानीय विधायक रमेश मैंदौला प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे। उन्होंने रहवासियों की समस्याओं को ध्यान से सुना और आश्वस्त किया कि वे इस संवेदनशील मामले में आईडीए के वरिष्ठ अधिकारियों से सीधी बात करेंगे। इस दौरान उनके रेवासी अध्यक्ष ममता पांचाल रौनक राय साथ पार्षद मनोज मिश्रा, सुरेंद्र पाल अंकित सीमा चौधरी और भाजपा महामंत्री सुधीर कोल्हे सहित कई



स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने रहवासियों की मांगों से सहमति जताई।

दूसरी ओर, आईडीए मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) डॉ. परिक्षित झाड़े के खिलाफ रहवासियों की नारेबाजी बुधवार को भी जारी रही। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई, तो गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन शुरू किया जाएगा। इससे पहले सोमवार और मंगलवार को भी भारी संख्या में रहवासियों ने आईडीए कार्यालय और जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराई थीं और ज्ञापन सौंपा था। रहवासियों का कहना है कि यदि प्राधिकरण ने अपनी मनमानी नहीं रोकी, तो वे भूख हड़ताल, पुतला दहन और प्राधिकरण कार्यालय पर उग्र प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे।

इस समस्या के समाधान के लिए रहवासियों ने प्राधिकरण के समक्ष एक व्यावहारिक विकल्प भी रखा है। उनका कहना है कि इंदौर के अन्य क्षेत्रों में भी फ्लैट बने हुए है। जो कि नगर निगम ने बनाए है उन्हें वहां बसाया जा सकता है। यहा आईडीए नया भवन बनाने तक उन्हें किराया दे कर हटाऐ और नए फ्लैट बना कर दे सकता है। गुलमोहर काम्प्लैक्स के रहवासियों के बाद अब पास ही नवनिर्मित अमलतास कॉम्प्लेक्स बहुमंजिला इमारत के रहवासियों ने भी विरोध शुरू कर दिया है। इनके समर्थन में स्कीम नंबर 136 के रहवासी भी आ गए है।

### फ्लैट्स की संख्या और कानूनी पेच की आशंका

रहवासी संघ के पदाधिकारियों ने इस पूरी योजना की व्यावहारिक कमियों को उजागर करते हुए कानूनी विवाद की आशंका जताई है। संघ के अनुसार एलआईजी श्रेणी के गुलमोहर कॉम्प्लेक्स में कुल 334 फ्लैट्स निर्मित हैं, जिनमें से वर्तमान में केवल 90 फ्लैट्स ही खाली हैं। इन फ्लैट्स का आकार 667 वर्ग फीट है। इसके विपरीत, जिन विस्थापित परिवारों को यहां बसाने की तैयारी की जा रही है, उनकी संख्या 200 से अधिक है। ऐसे में सभी परिवारों को यहां समायोजित करना पूरी तरह असंभव है, जिससे आने वाले समय में गंभीर कानूनी पेच फंसना तय है।

# घर जाने में देरी हुई तो नाबालिग ने रची गैंगरेप की कहानी

## अपने हाथ पर घाव भी बना लिए, जांच की तो हुआ साजिश का खुलासा, किशोरी का दोस्त गिरफ्तार

**इंदौर (नगर संवाददाता)।**

घर जाने में देरी हुई तो नाबालिग छात्रा बायपास पर पहुंची। अपने हाथ पर घाव बना लिए और पुलिस को कहा कि मेरे साथ गैंगरेप हुआ है। पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि उसने झूठी कहानी गढ़ी थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसके दोस्त को गिरफ्त में लिया है।



बायपास से नाबालिग छात्रा ने अपने परिजनों को किसी दूसरे से फोन लेकर सूचना दी कि कार में सवार तीन लोगों ने मेरा अपहरण कर लिया था। उन लोगों ने मेरे साथ गैंगरेप किया है। मैं परेशान हूं और किसी की मदद से आपको सूचित कर रही हैं। परिजन चिंतित हो गए। वे तुरंत तिलकनगर इलाके के बायपास पर पहुंचे। वे छात्रा को लेकर सीधे शिप्रा थाने पहुंचे और वहां बेटी के साथ हुई अपहरण और गैंगरेप की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शून्य पर मामला दर्ज कर तिलकनगर थाने रैफर कर दिया।

कोचिंग जाने वाली छात्रा का अपहरण और गैंगरेप जैसी वारदात सामने आने के बाद तो पुलिस विभाग में हडकंप मच गया। पुलिस ने अपने स्तर पर छानबीन की मुखबिरों से भी पूछताछ की तो लेकिन अपहरण जैसा कोई मामला सामने नहीं आया। इसके बाद डीसीपी जोन.2 अमनसिंह राठौर और एडीसीपी अमरेंद्रसिंह ने छात्रा के बयान लिए तो वह बयान देने में कई बार हड़बड़ाई। पुलिस की टीमें गुत्थी को सुलझाने के लिए सक्रिय हुई।

एक टीम बंगाली चौराहे पर स्थित छात्रा के कोचिंग सेंटर पहुंची तो पता चला कि छात्रा वहां पहुंची जरुर थी लेकिन कुछ मिनटों में ही वहां से रवाना हो गई थी। फुटेज चैक किए तो छात्रा गाड़ी पर विजयनगर के एक होटल में युवक के साथ जाती हुई दिखी। पुलिस टीम में वहां जाकर चैक किया तो रिसेप्शन पर अंश और छात्रा के आईडी मिले। ये भी पता चला कि वे दोनों यहां पर अक्सर आते रहते हैं। इसके बाद अंश को पकड़ा।

उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि छात्रा उसकी गर्लफ्रेंड है और वे अक्सर होटल में आते रहते हैं। उसके बाद छात्रा से दोबारा पूछताछ की गई तो उसने स्वीकार किया कि बुधवार वह काफी लेट हो गई थी। परिजनों की डांट से बचने के लिए उसने अपहरण और गैंगरेप की झूटी कहानी गढी थी। पुलिस ने छात्रा के बायफ्रेंड अंश को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पास्को एक्ट एवं रेप की धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### दो महिलाओं को दहेज के लिए सताया

**इंदौर।** अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं को दहेज के लिए सताने के मामलों में पुलिस ने केस दर्ज किया है। एक महिला से दहेज में पांच लाख रुपए की मांग की जा रही थी।



बाणगंगा पुलिस ने शिवानी दुर्वे की रिपोर्ट पर अंकित,पार्वती और नितिन के खिलाफ दहेज का केस दर्ज किया है। पांच लाख रूपए नहीं लाने की बात को लेकर महिला को घर से बेदखल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसे कई दिनों से उसे सताया जा रहा था। दहेज के लिए शादी के बाद से ही ताने दिए जा रहे थे। दोनों परिवारों में सुलह की बात कही जा रही थी।

इसी प्रकार लसूड़िया पुलिस ने पूजा निवासी सिल्वर पार्क कालोनी की रि पोर्ट पर धर्मेंद्र परमार के खिलाफ दहेज का केस दर्ज किया है। महिला को दहेज नहीं देने पर घर से निकाल दिया और मारपीट की। कई दिनों से उसे सताया जा रहा था। इसके अलावा

### एटीएम में तोड़फोड़, नकदी निकालने का प्रयास



**इंदौर (नगर संवाददाता)।** एक एटीएम बूथ में घुसे बदमाश ने मशीन से रुपए निकालने का प्रयास करते हुए मशीन में तोड़फोड़ कर दी, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। उसकी यह हरकत यहां पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

घटना तेजाजी नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक सुदामा नगर निवासी अमित बोहती की शिकायत पर नायता मुंडला स्थित इंडिया वन एटीएम में तोड़फोड़ के मामले में केस दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी चोरी की नीयत से एटीएम में घुसा था। उसने एटीएम मशीन की वायरिंग, डोर हैंडल, डोर लॉक, कैमरा और मशीन का लॉक तोड़ दिया। हालांकि वह एटीएम से नकदी चोरी करने में सफल नहीं हो पाया।

#### पहले हो चुकी है कोशिश

पुलिस के अनुसार करीब एक माह पहले असरावद खुर्द इलाके में इसी कंपनी के एटीएम में भी चोरी की कोशिश की गई थी। उस मामले में भी पुलिस को बनियान पहने एक संदिग्ध व्यक्ति के फुटेज मिले थे।टीआई देवेंद्र मरकाम ने बताया कि दोनों घटनाओं में एक ही तरह का व्यक्ति दिखाई दे रहा है। पुलिस आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश में जुटी हुई है।

# लेनदेन के विवाद में की थी ड्राइवर की हत्या

## चार आरोपी पकड़ाए, अन्य की तलाश

**इंदौर (नगर संवाददाता)।**

एरोड्रम थाना क्षेत्र में गत दिनों हुई ड्राइवर की हत्या में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्त में लिया है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि म्यूल खातों को लेकर लेनदेन के विवाद में हत्या की घटना को अंजाम दिया था।




इसके बाद सभी फरार हो गए थे। आरेपियों ने हत्या को हादसे बताने का भी प्रयास किया था, लेकिन उनकी इस चालाकी की पोल खुल गई। पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

गत दिनों सुविधि नगर निवासी रोहित बेरबेल को घायल अवस्था में अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई थी। उसे अस्पताल पहुंचाने वाले फरार हो गए थे। हत्या को हादसा दिखाने की कोशिश की गई थी लेकिन पीएम रिपोर्ट में हत्या का खुलासा होने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस ने रोहित बेरबेल के साथी पीयूष से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह और रोहित म्यूल खाते खोलने का काम करते हैं। इसको लेकर उनका आरोपियों से लेन देन का विवाद चल रहा था।

#### षडयंत्र रच मिलने बुलाया

घटना वाली रात को आरोपियों ने षड्यंत्र पूर्वक उसे और रोहित को होटल में मिलने बुलाया और दोनों के साथ बेरहमी से मारपीट की बाद में रोहित को धक्का देकर गिरा दिया जिसमें वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया था। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया और बाद में सभी मौके से फरार हो गए।

#### यह आरोपी आए गिरफ्त में

पीयूष को आरोपियों ने इस शर्त पर छोड़ा था कि पुलिस पूछताछ करे तो दोनों के बीच झगड़े की बात बताए। हालाकिं पीयूष ने पुलिस को कहानी बताई और आखिरकार घटना में शामिल चार आरोपियों ऋतिक, मीत वर्मा, मिलन और पिंटू पुरी को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं शेष आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

### काउंटर का लॉक तोड़कर 35 हजार रुपए चोरी

**इंदौर।** अज्ञात बदमाशों ने आइस डिपो की दुकान में घुसकर काउंटर का लॉक तोड़ दिया और 35 हजार रुपए नगद चोरी कर ले गए। फरियादी युधिष्ठिर, रामबलराम नगर ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी दुकान कालू आइस डिपो, सिरपुर माता मंदिर के सामने स्थित है। 26 मई की रात से सुबह के बीच अज्ञात बदमाश दुकान में घुस गए। सुबह करीब 9 बजे दुकान पहुंचने पर देखा कि केश काउंटर का लॉक टूटा हुआ था और उसमें रखे ×5 हजार रुपए नगद गायब थे। बदमाश वारदात के बाद फरार हो गए। चंदन नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

# चाइनीज दुकान में लगी भीषण आग: आसपास की दो दुकानें भी चपेट में आईं, दमकल ने पाया काबू

**इन्दौर (नवीन मौर्य)।**

परदेशीपुरा इलाके में गुरुवार शाम एक चाइनीज की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई और दूर तक धुआं दिखाई देने लगा। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।





फायर ब्रिगेड के मुताबिक, घटना नंदानगर की गली नंबर 1 स्थित मजदूर चौक के पास की है। आग लगने के बाद आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लपटें पास की दो छोटी दुकानों तक पहुंच गई। बाद में दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण किया।

शर्मा चाट दुकान के धीरज शर्मा ने बताया कि आग पास में स्थित बोर्ड बनाने वाली दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। आग की चपेट में आने से नजदीक का मेडिकल स्टोर और उनकी दुकान भी पूरी तरह जल गई। पार्षद मुन्नालाल यादव ने निगम के टैंकर भेजकर आग बुझाने में मदद की। बताया जा रहा है कि दमकलकर्मी मोटर चालू करने का पार्ट साथ लाना भूल गए थे। इसके बाद दूसरा पार्ट मंगवाकर टैंकर की मोटर चालू की गई, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।